मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-385
14/08/2021

# मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज्यवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी

पटना, 14 अगस्त 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज 75वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राज्यवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है। मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम में आहूति देने वाले तमाम वीर सपूतों एवं स्वतंत्रता संग्राम के तमाम सेनानियों को नमन करते हुये कहा कि उनकी शहादत और कुर्बानियाँ अमर है। उनके संघर्ष और कुर्बानी के कारण ही हम सबों को आजादी का यह महान तोहफा मिल पाया है। उन्होंने राज्य एवं देशवासियों से अपील की है कि वे आपसी भाईचारा, मेल–जोल, सद्भाव, सहिष्णुता का वातावरण बनाये रखें। देश की आजादी को अक्षुण्ण रखें। देश की आजादी को अक्षुण्ण रखने के लिये आज के दिन हम सब यह संकल्प लें कि हम अपनी एकता और अखण्डता को बनाये रखेंगे और देश को प्रगति, समृद्धि एवं विकास की नई ऊँचाई पर पहुँचायेंगे। देश का नाम दुनिया में रौशन करते रहेंगे।

******